## एक नजर में

### आज और होगा तीन माह का राशन वितरण

**राजगढ़ 05 अगस्त ,का.** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री अजीत कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अन्तर्गत इस माह पात्र परिवारों को आज तक ही राशन वितरण होगा. उसके पश्चात तीन माह का राशन वितरण किसी भी परिस्थिति में अगले माह नहीं होगा. समस्त पात्रता पर्ची धारी हितग्राहियों से पात्रतानुसार माह जून, जुलाई एवं अगस्त का खाद्यान्न आज 06 अगस्त तक उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर प्राप्त करने का आग्रह किया है. शासन के निर्देशानुसार वर्तमान माह में पिछले माह का खाद्यान्न की पात्रता या राशन वितरण नहीं होगा। यदि किसी उपभोक्ता को राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा हो रही हो तो उक्त समस्या को हल करने हेतु श्रीमति स्वाति वाईकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ ब्यावरा मोबाईल नम्बर 9131948005, श्रीमति अस्मिता गुप्ता कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खिलचीपुर जीरापुर नरसिंहगढ़ मोबाईल नम्बर 9340186023 तथा जितेन्द्र कुमार जमरा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर से मोबाईल नम्बर 9630701811 सम्पर्क कर सकते है.

### पशुधन संजीवनी कॉल सेंटर का संचालन

**राजगढ़ 05 अगस्त, का.** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एम.एस. कुशवाह द्वारा बताया गया कि म.प्र. शासन पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा भारत सरकार की पशु चिकित्सालयों एवं औषधालयों की स्थापना एवं सुद्रझीकरण चलित पशु चिकित्सा इकाई योजना का संचालन वर्ष 2023 में प्रारंभ किया गया. जिसमें जिले के कुल 09 चलित पशु चिकित्सा इकाई वाहन प्राप्त हुए. इस योजना में विभाग द्वारा पूर्व से संचालित1962 पशुधन संजीवनी योजना अंतर्गत कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है. जिसमें शहरी एवं ग्रामीण पशुपालन टोल फ्री नम्बर 1962 पर पशु उपचार हेतु कॉल कर सकते हैं. टोल फ्री नम्बर पर कॉल करने पर पशुपालक घर पहुँच सेवा का लाभ ले संकते हैं. जिसमें पशुओं का उपचार, बधियाकरण, ठीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि का कार्य सम्मिलित है. इस योजना में उपचार हेतु पशुपालक को गाय भैंस घोडा आदि बडे पशुओं के उपचार हेतु मात्र 150 रूपये प्रति पशु का भुगतान करना होता है. एवं छोटे पशुओं जैसे कुत्ता बिल्ली के उपचार हेतु मात्र 300 रूपये प्रति पशु का भुगतान करना होता है. इस योजना में निराश्रित पशुओं एवं गौशाला के पशुओं का उपचार भी किया जाता है. चलित पशु चिकित्सा वाहन की टीम को प्राप्त केस की उपचार प्राथमिकता अनुसार समस्त उपचार किए जाते हैं. वर्ष 2024-25 में जिले में पशुपालकों द्वारा कॉल किए गए. जिसमें लगभग 10 हजार पशुओं का उपचार चलित पशु चिकित्सा इकाई द्वारा किया गया. इस वर्ष लगभग 2500 पशुओं का उपचार चलित पशु चिकित्सा इकाई द्वारा किया जा चुका है.

### क्विज प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पाया

**जीरापुर 05 अगस्त, सं.** डाइट परिसर राजगढ़ में आयोजित मध्य प्रदेश पर्यटन प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न 145 विद्यालय ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में मां सरस्वती एकेडमी के छात्र योगेश बैरागी, शिव प्रसाद दांगी तथा छात्रा निकिता बैरागी ने अव्वल स्थान पाकर सफलता हासिल की. इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों ने छात्र छात्राओं को बधाई दी. यह छात्र-छात्राएं मध्य प्रदेश शासन द्वारा दो दिन और एक रात के लिए मध्य प्रदेश के किसी पर्यटन स्थान पर भ्रमण करने जाएंगे.

# हाईटेंशन लाइन के साये में कर रहे काम

## एक दिन पूर्व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में हो चुकी घटना

- निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का चला रहा है कार्य
- कार्य करते समय मजदूर को लगा था हाईटेंशन लाइन से करंट
- घटना के बाद भी नहीं ली सीख, दुर्घटना को आमंत्रण



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 अगस्त. जिला मुख्यालय राजगढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में सोमवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रुप से झुलस गया. बावजूद इस घटना से सीख नहीं लेते हुए समीप निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज में भी मजदूर यहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के सांये में काम करने को मजबूर है.**

विदित है कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है. परिसर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है. सोमवार को यहां काम कर रहा एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रुप से झुलस गया जिसे बाहर रेफर किया गया है. इस घटना के बाद भी निर्माण कार्य करा रहा पीआईयू पीडब्ल्यूडी विभाग नहीं चेता, करीब 500 मीटर की दूरी पर निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज परिसर से भी हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, इसके आसपास ही चल रहे निर्माण कार्य में मजदूर काम कर रहे है जिससे हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता है. गौरतलब है कि पीआईयू पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 11 करोड़ की लागत से नर्सिंग कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है.

### लाइन हटाने कर चुके मांग

नर्सिंग कॉलेज निर्माण स्थल पर मौजूद कर्मचारियों के अनुसार कई बार संबंधित विभाग से हाईटेंशन लाइन को अन्यत्र करने की मांग की जा चुकी है ताकि भविष्य में कोई अनहोनी घटना होने से बच सके.

सेफ्टी से संबंधित निर्देश हमारे विभाग द्वारा दिए जाते है. कार्यवाही जो भी होगी वह पुलिस की और से होगी.

**भिक्या परमार, कार्यपालन यंत्री पीआईयू राजगढ़**

---

मैं आवश्यक बैठक में हूं. लेबर इंसपेक्टर भी अवकाश पर है. मेडिकल कॉलेज की घटना की उचित जांच की जाएगी.

**सौरभ कुमार गुप्ता, श्रम अधिकारी राजगढ़**



# कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं, मौके पर निराकरण

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 अगस्त. जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं अपर कलेक्ट्र श्री शिवप्रसाद मंडराह जनसुनवाई में आये आमजनों की समस्याओं को सुना तथा आवश्यक कार्यवाहीं हेतु संबंधितों को आदेशित किया गया.**

जनसुनवाई में खजूरिया निवासियों ने बताया कि गांव में खुली हुई गायों द्वारा फसल नष्टक की जा रही है. गांव के सभी आवेदक इससे काफी परेशान है। गायों द्वारा तार्फेसिंग को तोड़ कर फसल को हानि पहुचा रही है.। जिससे आर्थिक नुकसान का सामना कर पड़ रहा है. अपर कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर को आवश्यपक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

जनसुनवाई में गोरियाखेडा निवासी रामप्रसाद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. आवेदक का मकान बारिश में क्षतिग्रस्ति हो गया है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है। कलेक्ट र द्वारा संबंधित अधिकारी को जांच हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम चिड़लावनिया निवासी पुरूषोत्त म शर्मा द्वारा बताया गया कि आवेदक की कृषि भूमि पर सोयाबीन बोआई की गई थी, जो कि क्षतिग्रस्तर हो जाने का कारण काफी नुकसान हो गया है. जिससे आवेदक को आर्थिक हानि हुई है. कलेक्टर द्वारा डीडीए कृषि विभाग को जांच करने हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम देहरीबामन निवासी मिथलेश सिंह ने बताया कि आवेदक का कच्चाह मकान भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्ता हो गया है. जिससे आवेदक का परिवार निवासी करने हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार खुजनेर को आवश्यमक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम कालापीपल निवासी बालमुकुन्दा मालवीय ने बताया कि आवेदक का मकान कुण्डा्लिया परियोजना अंतर्गत डूब क्षेत्र में आता है. आवेदक को अभी तक मुआवजा राशि प्राप्तर नहीं है. साथ ही आवेदक का नाम सूची में दर्ज नहीं किया गया है. कलेक्टर द्वारा ईई कार्यपालन यंत्री कुण्डालिया डेम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम बुढ़ाखेड़ा निवासी दरियावसिंह ने बताया कि आवेदक की उम्र 60 प्ल्स हो गई है. परन्तु आवेदक को वृद्ध पेंशन, किसान सम्मा‍न निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. इसके साथ ही आवास योजना का भी लाभ आवेदक को नहीं मिल रहा है. अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को आवश्यहक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

इस दौरान आवेदकों से 120 आवेदन प्राप्त हुए. समस्त। आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया.



# क्षेत्रीय संचालक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

व्यवस्थाएं और अच्छी बनाने के लिए दिए निर्देश, मरीजों से अच्छे व्यवहार की कही बात

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 अगस्त, का. संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल डॉ. नीरा चैधरी ने मंगलवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल की विभिन्न इकाई जैसे टीकाकरण, महिला वार्ड, प्रसूती वार्ड, मेटरनिटि विंग, सुमन हेल्प डेस्क, जननी सुरक्षा योजना भुगतान सहित एसएनसीयू का बारीकी से निरीक्षण किया.** इस दौरान वे मरीजों और उनके परिजनों से भी मिले और अस्पताल की सेवाओं के बारे में जानकारी ली. उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल से कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलना चाहिए.

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. चैधरी ने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के वार्ड और नवजात शिशु इकाई का दौरा किया. उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल में किसी भी प्रकार की लारपवाही नहीं होना चाहिए. अस्पताल में आने वाली हर महिला को अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिले.

यह सुनिश्चित करना अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी है. उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी और दवाईयों की कमी को लेकर सिविल सर्जन डॉ. पटेल को अपने स्तर से दवाईयों की खरीदी करने सहित अन्य कमियों को तुरंत दूर करने की बात कही.

मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की निरंतर मॉनिटरिंग करने, पौष्टिक भोजन देने और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने की बात कही. उन्होंने कहा कि मरीजों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना जाना चाहिए और उनका तत्काल समाधान होना चाहिए. इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, डीएचओ डॉ. राजीव हरिओध, जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्रपाल सिंह एवं मीडिया प्रभारी श्री सैयद फिरोज मौजूद थे.

# स्वास्थ्य केंद्र में एमटीएस भर्ती की खबर फर्जी

## सोशल मीडिया पर कई ऐसे गिरोह काम कर रहे जो लोगों को ठगते हैं

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 अगस्त, का. जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमटीएस की भर्ती की एक फर्जी खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. इस खबर में दावा किया जा रहा है कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एमटीएस के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे जा रहें हैं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि यह खबर पूरी तरह से फर्जी है और जिला स्वास्थ्य विभाग इसका खंडन करता है.**

मुख्य् चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा बताया गया कि इस तरह की कोई भी भर्ती या नियुक्ति संबंधी सूचना स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी नहीं की गई है. विभाग युवाओं से अपील करता है कि वे इस तरह की फर्जी खबरों से गुमराह न हो और किसी के बहकावे में आकर कोई भी आवेदन कहीं भी जमा न करें. साथ ही किसी भी प्रकार को कोई शुल्क भी अदा न करें. उन्होंने कहा कि आजकल सोशल मीडिया पर कई ऐसे गिरोह काम कर रहें जो लोगों को ठगने का काम करते हैं. विभाग द्वारा किसी भी जानकारी, सूचनाएं, भर्ती अथवा विज्ञापन हेतु विभागीय वेबसाइट अथवा विश्वसनीय समाचार पत्रों के माध्यम से ही प्रसारित की जाती है. उन्होंने कहा कि यदि फिर भी कोई व्यक्ति अथवा वाट्सअप पर किसी के द्वारा कोई मैसेज प्रसारित किया जाता है तो तुरंत विभाग को सूचित करें.

### 28 शस्त्र लायसेंसधारियों के लायसेंस किए निरस्त

**राजगढ़ 05 अगस्त, का.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा लोक सुरक्षा के हित में आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 (3)(ख) अंतर्गत 28 शस्त्र लायसेंस धारियों के लायसेंस निरस्त किए गए हैं. जिन शस्त्रर लायसेंस धारियों के लायसेंस निरस्त किए गए है.

# उप संचालक ने गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण



**राजगढ़ 05 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग एम.एस. कुशवाह द्वारा मंगलवार को राजगढ़ विकासखण्ड की मोतीपुरा, माचलपुर, रूगनाथपुरा, विकासखण्डल खिलचीपुर की लिम्बोकदा, विकासखण्डत जीरापुर की पाड़ली, बांगपुरा, रामगढ़, उचावदा गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया. जिसमें 67, 90, 00, 115, 102, 110, 107, 85 गौवंश पाए गएं. समस्तल गौशाला संचालकों को केवल टेग लगे गौवंश के आधार पर अनुदान दिए जाने की जानकारी भी दी गई. साथ ही समय पर टीकाकरण करने एवं गौशाला में समस्त पंजियां निर्धारित करने हेतु निर्देशित किया गया.

# भोजपुर से केलखोयरा तक निकली कांवड़ यात्रा



**खिलीचीपुर 05 अगस्त, सं.** सोमवार को ग्राम भोजपुर पूरी तरह शिव भक्ति में डूबा नजर आया. गांव से राजस्थान स्थित केलखोयरा मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई. इस कांवड़ यात्रा में भोजपुर, पपड़ेल सहित कई गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए. कई गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण कलश व कांवड़ लेकर शिव चौक मैदान पहुंचे. यहां नीलकंठेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक और विशेष पूजा कर यात्रा की शुरुआत की गई. जगह-जगह पुष्पमालाओं और स्वल्पाहार से स्वागत किया. 20 किलोमीटर की दूरी तय कर यात्रा श्री केलखोईरा महादेव मंदिर पहुंची. यहां सभी श्रद्धालुओं ने क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए जलाभिषेक किया.



# संदिग्ध हत्या के मामले की जांच में जुटी पुलिस

## पूर्व सदर के बेटे की हत्या में पुलिस ने एक को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 अगस्त. सारंगपुर के पूर्व सदर निजामुद्दीन शेख उर्फ सेठू बाबा के 43 वर्षीय बेटे सैफुद्दीन की हत्या में पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा है. शुरुआती पूछताछ में पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद होना बताया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार 30 जुलाई की रात से लापता सैफुद्दीन का शव सोमवार शाम एक नाले में झाड़ियों के बीच से मिला. शरीर से पत्थर बंधे हुए थे. घटना से नगर में तनाव का माहौल बन गया. 4 थानों की पुलिस और रिजर्व पुलिस बल तैनात किया गया. राजगढ़ में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

पुलिस के अनुसार रात में ही एक संदिग्ध को पकड़ा. मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर सोमवार रात को ही एक संदिग्ध श्याम पुष्पद को पकड़ा गया. उससे पूछताछ की जा रही है. थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि पुलिस पड़ताल में अभी तक पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है. घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है.

**मकान तोड़ने की मांग** मामले में अंजुमन सदर और समाजजनों ने आरोपी का मकान तोड़ने की मांग की है. इसके लिए उन्होंने थाने में एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपा. जानकारी के अनुसार सैफुद्दीन 30 जुलाई की रात करीब 8 बजे घर से यह कहकर निकले थे कि वह 15 मिनट में वापस आ जाएंगे लेकिन जब देर रात तक वह घर नहीं लौटे तो उनके पिता ने उनकी तलाश शुरू की. काफी खोजबीन के बाद 31 जुलाई को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई.

**वारदात** मेन मार्केट में शासकीय क्रमांक 1 स्कूल का मामला, खिड़की की जाली क्षतिग्रस्त कर की चोरी

# शासकीय स्कूल में फिर चोरों का धावा




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 अगस्त. मेन मार्केट में गांधी चौक स्थित एनएच कार्यालय परिसर में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 1 स्कूल में एक पखवाड़े के भीतर चोरी की तीसरी वारदात अज्ञात बदमाशों ने की. ताजा घटनाक्रम में रविवार-सोमवार की रात्रि को अज्ञात बदमाश खिड़की की जाली उखाड़कर यहां से पंखे, किताब आदि चोरी कर ले गये.**

स्कूल प्रबंधन के अनुसार एक पखवाड़े के भीतर यह तीसरी चोरी की घटना होना बताया जा रहा है. रविवार एवं सोमवार की रात्रि को अज्ञात बदमाश द्वारा खिड़की जाली को क्षतिग्रस्त कर भीतर घुसकर छत पर लगा पंखा चोरी कर लिया गया तथा एक कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी किताबे ले गये. पूर्व में भी यहां से सामान एवं किताबे चोरी हो चुकी है. प्रबंधन के अनुसार उनके द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत करा दिया गया है.

**तीन बार पूर्व में हो चुकी चोरी** इसके पूर्व विद्यालय में 13 जुलाई 2023 की रात्रि में चोरी की घटना हुई थी जिसमें 4 पंखे चोरी कर लिए गये. इसके बाद 16 जुलाई 2023 को विद्यालय में चोरी की घटना में मध्यान्ह भोजन के बर्तन चोरी कर लिए गये. तत्पश्चात उसी माह की 27 जुलाई 2023 की रात्रि को तीसरी बार चोरी की घटना हुई जिसमें स्कूल छत पर मौजूद पानी की सिंटेक्स टंकी चारी कर ली गई.

**पुलिस में नहीं की सूचना** एक पखवाड़े में तीन बार चोरी होने की घटना के बावजूद फिलहाल स्कूल प्रबंधन द्वारा पुलिस में इसकी जानकारी नहीं देना बताया गया है. उनका कहना है कि आवेदन तैयार कर इसकी सूचना देंगे. हालांकि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है.

---

वर्तमान में जहां क्रमांक 1 स्कूल संचालित है वहां कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है. सुरक्षा की दृष्टि से भी भवन उपयुक्त नहीं है. अन्य जगह स्कूल शिफ्ट करने हेतु फिलहाल कोई भवन नहीं होने से मजबूरी में यहीं पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है. उचित, सुरक्षित स्थान मिलते ही स्कूल को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा.

**दिलीप कुमार शर्मा**
**बीईओ, शिक्षा विभाग ब्यावरा**

### वर्तमान भवन सुरक्षित नहीं

वर्तमान में एनएच कार्यालय के जिस परिसर में क्रमांक 1 स्कूल संचालित है वह भवन काफी पुराना होकर जर्जर अवस्था में है, नपा द्वारा भी भवन का परीक्षण किया जा चुका है जिसमें भी यह बात सामने आई है. इससे शिक्षा विभाग को भी अवगत कराया जा चुका है. परन्तु शिक्षा विभाग के पास अन्य और कोई जगह नहीं है जहां स्कूल को शिफ्ट किया जा सके. हालांकि विभाग का कहना है कि मेन मार्केट में जहां पूर्व में क्रमांक 1 स्कूल संचालित हो रहा था वहां पर मौजूद अतिरिक्त कक्ष में स्कूल लग सकता है.